# न्यायालय - मोतिश कुमार सिंह, सत्र न्यायाधीश, सिवान।

## फौजदारी प्रकीर्ण वाद संख्या - **34/2026**

प्रताप सिंह
बनाम
बिहार सरकार

09-07-2026

आवेदक पक्ष के विद्वान अधिवक्ता उपस्थित हुए इन्हें सुना गया।

**आदेश**

आवेदक प्रताप सिंह की ओर से प्रश्नगत् फौजदारी प्रकीर्ण वाद दाखिल कर कहा गया है कि अग्रिम जमानत आवेदन संख्या 1144/2026 (आधारित दरौंदा थाना काण्ड संख्या 181/2026)वर्तमान में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश्, नवम्, सिवान के न्यायालय में लंबित है तथा अग्रिम जमानत आवेदन संख्या 1166/2026 (आधारित दरौंदा थाना काण्ड संख्या 181/2026) वर्तमान में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश्, तृतीय, सिवान के न्यायालय में लंबित है। अतः अनुरोध किया गया है कि दोनों जमानत आवेदनों को किसी एक न्यायालय में स्थानांतरित करने की कृपा की जाए।

अभिलेख का अवलोकन किया तथा सी0आई0एस0 के अवलोकन से विदित होता है कि अग्रिम जमानत आवेदन संख्या 1144/2026 (आधारित दरौंदा थाना काण्ड संख्या 181/2026)वर्तमान में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश्, नवम्, सिवान के न्यायालय में लंबित है तथा अग्रिम जमानत आवेदन संख्या 1166/2026 (आधारित दरौंदा थाना काण्ड संख्या 181/2026) वर्तमान में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश्, तृतीय, सिवान के न्यायालय में लंबित है।

अतः परिस्थितियों पर विचार करते हुए न्यायहित में अग्रिम जमानत आवेदन संख्या 1166/2026 (आधारित दरौंदा थाना काण्ड संख्या 181/2026) जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश्, तृतीय, सिवान के न्यायालय से वापस लेकर इसे जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश्, नवम्, सिवान के न्यायालय में स्थानांतरित किया जाता है।

कार्यालय लिपिक आदेश की संबंधित न्यायालयों में प्रेषित करें एवं तथा इस अभिलेख को अभिलेखागार सिवान में जमा करें।

लेखापित

sd/-
सत्र न्यायाधीश, सिवान।
09-07-2026

| | |
|---|---|
| Date of Judgement/order | 09-07-2026 |
| Date of Reserving Judgement/ Order | 09-07-2026 |
| Date of Uploading | -07-2026 |
| Uploaded by | Ajit kumar |